प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.05.2026/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

शिक्षा बोर्ड–परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 10वीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष 93 हजार एक सौ 76 विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी थी, जिनमें से 78 हजार एक सौ 50 उत्तीर्ण हुए हैं। आठ हजार 4 सौ 33 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है जबकि 6 हजार 5 सौ 59 असफल घोषित किए गए हैं। इसी तरह परीक्षा परिणाम 83 दशमलव आठ–सात प्रतिशत रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा के अनुसार परीक्षा प्रणाली में इस बार कई बड़े बदलाव किए गए थे, जिसके चलते परिणाम में सुधार देखने को मिला है।

इस बार दसवीं कक्षा की मेरिट सूची में एक सौ 7 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। इनमें 83 छात्राएं और 24 छात्र शामिल हैं। कांगड़ा ज़िले के निजी स्कूल पाहरा की छात्रा अनमोल ने 7 सौ में से 6 सौ 99 अंक लेकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

नामाकंन

प्रदेश में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। सात और 8 मई को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान प्रदेश भर में 42 हजार 5 सौ 62 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन भरे। अभी तक कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 7 हजार 3 सौ 96 नामांकन भरे गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जाएगी और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। पंचायत चुनावों के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में करवाया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

जयराम ठाकुर

प्रदेश के शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो रहा है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज पालमपुर में नगर निगम चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। एक जनसभा में उन्होंने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र से मिल रही सहायता को भी सही ढंग से खर्च नहीं कर पा रही है।

ऊना–पंचायत चुनाव

ऊना ज़िले में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में 3 लाख उनासी हजार 4 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना ज़िले की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ज़िले में एक लाख 88 हजार 9 सौ 45 पुरूष जबकि एक लाख 84 हजार 7 सौ 24 महिला मतदाता हैं।

भाषा

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में देश के सभी स्कूल में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्की धूप के बीच बादल छाए हैं। प्रदेश में मई के दूसरे सप्ताह में भी ठंड बरकरार है और लोगों को सुबह–शाम गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे 15 मई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का अनुमान है। विभाग के अनुसार मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 11 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए येलो जबकि 12 और 13 मई को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए ओरेंज व अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।